**कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद**
गोकरननाथ रोड, बादशाहबाग, लखनऊ–226007।

पत्रॉक: 1084/टी0ई0–14/प्र089/आर.जी.एम.–मैत्री/यू.पी.एल.डी.बी./2022–23 दिनांक: 10.05.2022

## विज्ञप्ति

उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद प्रदेश के गौ एवं महिषवंशी पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाएं पशुपालकों के द्वार तक उपलब्ध कराते हुए कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन को उत्तरोत्तर बढ़ाने के ध्येय से कार्यरत् है। पशुपालकों के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशनन्तर्गत उत्तर प्रदेश से नवीन **स्वरोजगारी** मैत्री (मल्टी परपज ए0आई0 टेक्निशियन इन रूरल इण्डिया) का ऑनलाईन चयन करते हुए 2000 मैत्री जिसमें सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग–1400, एस.सी.–500 एवं एस.टी.–100 को 03 माह का प्रशिक्षण प्रदान कर इन्हें प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में स्थापित किया जाना लक्षित है। मैत्री आवेदन से संबंधित आवेदन–पत्र, नियम व शर्तें, आवेदन–पत्र का प्रारूप ऑनलाईन पोर्टल 'https://maitriupldb.in' पर उपलब्ध है। सुलभ–सन्दर्भ हेतु स्वरोजगारी मैत्री के चयन, प्रशिक्षण हेतु नियम व शर्तें, आदि परिषदीय वेबसाईट 'https://upldb.up.gov.in' पर भी उपलब्ध है। **ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि 10.06.2022 को रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है।**

मैत्री की स्थापना पूर्णतः स्वरोजगार सृजन की अवधारणा पर आधारित है तथा चयनित एवं प्रशिक्षित मैत्री का किसी भी स्थिति में शासकीय सेवा में संविलियन का कोई अधिकार नहीं होगा। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद द्वारा जारी ऑनलाइन पोर्टल से आवेदन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है अर्थात् यह पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई अन्य संस्था इस प्रकार के आवेदन–पत्र जारी कर कोई शुल्क मांगती है तो इसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद की नहीं होगी। यदि किसी आवेदक द्वारा किन्हीं अन्य भ्रामक पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जाता है तो भी उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद इसके लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी। मैत्री चयन हेतु केवल उपरोक्त वर्णित ऑनलाईन पोर्टल 'https://maitriupldb.in' पर ही आवेदन मान्य है, ऑफलाईन आवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

10/5/22

**(डा0 अरविन्द कुमार सिंह)**
प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी
उ0 प्र0 पशुधन विकास परिषद
लखनऊ

indianexam

**राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान आच्छादन बढ़ाने हेतु मैत्री की स्थापना**
**<u>नियम–शर्ते निम्न प्रकार है –</u>**

1. **योग्यता :**

(क) **शैक्षिक योग्यता** : अनिवार्य न्यूनतम अर्हता हाईस्कूल (जीव विज्ञान) उत्तीर्ण हो। इण्टर (जीव विज्ञान) वरीयता दी जायेगी।
(ख) आवेदक चयनित क्षेत्र की ग्राम पंचायत का निवासी हो।
(ग) पूर्णतः स्वस्थ एवं कार्य करने के योग्य हो। पशुपालक के द्वार पर पहुँच कर सेवा कर सके। राजकीय चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(घ) वोटर आई.डी. कार्ड/आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
(ड) Migrant workers (प्रवासी श्रमिकों)/पशु सखि/प्रशिक्षित पैरावेट को वरीयता दी जायेगी।

2. आवेदक की आयु दिनांक 01.04.2022 को 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य हो।

3. आवेदन पत्र जमा करने की **अन्तिम तिथि** :– 10.06.2022

4. यह योजना पूर्णतः स्वरोजगार सृजन की अवधारणा पर आधारित है। आवेदक को किसी भी स्थिति में शासकीय सेवा में संविलयन का कोई अधिकार नही होगा। चयनित अभ्यर्थी को 35 दिनों का सैद्धान्तिक प्रशिक्षण एवं 55 दिनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया जायेगा। चयनित अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त मैत्री (मल्टी परपज ए0आई0 टेक्निशियन इन रूरल इण्डिया) के रूप में कार्य करने हेतु प्रमाण–पत्र, बायोलॉजिकल कण्टेनर्स तथा ए0आई0किट आदि उपलब्ध कराये जायेगें।

5. संबंधित पशुचिकित्साधिकारी/उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्रों को भरने में सहायता की जायेगी।

6. चयनित अभ्यर्थियों को चयनोपरान्त इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि वे एक स्वरोजगारी के रूप में कार्य करेगें। सरकारी सेवा में किसी भी स्थिति में संविलियन का कोई अधिकार नही होगा तथा इसके लिए कभी दावा नही करेगें।

**<u>नोट</u> :– उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद द्वारा जनपदवार चयन किये जाने स्वरोजगारी मैत्री (मल्टी परपज ए0आई0 टेक्निशियन इन रूरल इण्डिया) की संख्या संलग्न है।**

indianexexam

Scanned with CamScanner

**उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत मैत्री स्थापना हेतु चयनित मैत्री हेतु शपथ–पत्र रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर टंकित किया जाये तथा नोटरी द्वारा सत्यापित कराया जाये**

## <u>शपथ–पत्र</u>

मैं.............................................. पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ............................................. निवासी ग्राम ..............................न्याय पंचायत........................................................ विकास खण्ड........................................जनपद.............................................. उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद गोकरननाथ रोड, बादशाहबाग, निकट पशु चिकित्सालय, लखनऊ के अन्तर्गत मैत्री (मल्टी परपज़ ए.आई. टेक्निशीयन इन रूरल इण्डिया) के रुप में प्रशिक्षित किये जाने हेतु नामित किया गया हूँ। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि :–

1. ग्राम ............................................न्याय पंचायत........................................(स्थान), विकास खण्ड.......................................... जनपद........................................ का स्थायी निवासी हूँ। मैं समस्त न्याय पंचायत क्षेत्र में पशुपालको के द्वार पर कृत्रिम गर्भाधान, तथा समय–समय पर पशुपालन विभाग/यू0पी0एल0डी0बी0 द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य करने के लिए वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी।
2. मैं यदि प्रशिक्षण के मध्य में बिना परीक्षा में उत्तीर्ण हुए प्रशिक्षण छोड़ कर जाता/जाती हूँ तो मेरे प्रशिक्षण पर व्यय की गई धनराशि रु0 ................................. उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद को वापस करने के लिए वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी। अन्यथा की स्थिति में उक्त धनराशि मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा राजस्व वसूली की तरह वसूली की जाये।
3. पशुपालन विभाग/यू0पी0एल0डी0बी0 द्वारा पशु प्रजनन कार्य हेतु एवं अन्य कार्य सम्पादित करने हेतु जो भी उपकरण एवं साज सामान मुझे उपलब्ध कराया जायेगा, मैं उनको संभाल कर रखूंगा/रखूंगी एवं इस सामान के रख–रखाव की पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी। यह पशुपालन विभाग/यू0पी0एल0डी0बी0 की सम्पत्ति होगी तथा शपथ–पत्र के विन्दु–1 में उल्लिखित कार्यो को संतोषजनक ढंग से सम्पादित न करने की अवस्था में पशुपालन विभाग/यू0पी0एल0डी0बी0 को समस्त उपकरण व साज–सामान सही हालत में लौटाने के लिये वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी। अन्यथा की स्थिति में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा राजस्व वसूली की तरह वसूली की जाये।
4. पशुपालन विभाग/यू0पी0एल0डी0बी0 द्वारा समय–समय पर कृत्रिम गर्भाधान कार्य में प्रयुक्त अतिहिमीकृत वीर्य व तरल नत्रजन का मूल्य निर्धारित दर के अनुसार यू0पी0एल0डी0बी0 को भुगतान करने हेतु वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी।
5. मेरे द्वारा किये गये पशुपालन कार्यो की मासिक प्रगति सूचना निर्धारित प्रारुप पर नियमित रुप से सम्बन्धित पशु चिकित्साधिकारी एवं यू0पी0एल0डी0बी0 को प्रतिमाह प्रेषित करने हेतु वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी।
6. मैं केवल वही पशुपालन सम्बंधी कार्य, जिसके लिए प्रशिक्षित तथा अधिकृत किया गया/गयी हूँ पशुपालको के द्वार पर उपलब्ध कराउंगा/कराउंगी।
7. यू0पी0एल0डी0बी0 द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के निरीक्षण/मूल्यांकन के समय स्वयं उपस्थित रहकर कार्यो का निरीक्षण/मूल्यांकन कराने हेतु वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी।
8. यह योजना पूर्णतया स्वरोजगार सृजन की अवधारणा पर आधारित है तथा मैं एक स्वरोजगारी के रुप में कार्य करने हेतु वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी। अतः शासकीय सेवा में मुझे किसी स्थिति में संविलियन का कोई अधिकार नही होगा तथा मैं इसके लिए कभी दावा नहीं करुंगा/करुंगी।
9. प्रशिक्षणोपरान्त मैं मैत्री के रुप में इस शपथ–पत्र में क्रम सख्या–1 से 7 तक वर्णित शर्तो पर कार्य करुंगा/करुंगी। मैत्री का कार्य प्रारम्भ करने की तिथि से 5 वर्ष की अवधि के पूर्व कार्य बन्द कर देने की अवस्था में प्रशिक्षण की अवधि में यू0पी0एल0डी0बी0 द्वारा व्यय की गई धनराशि रु0 .......................... तथा समस्त उपकरण सही अवस्था में वापस करने के लिये वचनबद्ध रहूँगा/रहूँगी।

**हस्ताक्षर शपथ गृहीता मैत्री**

नाम ..................................................

पूरा पता ..........................................

मो0नं0 ..............................................

Scanned with CamScanner

# राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत मैत्री प्रशिक्षण हेतु जनपदवार लक्ष्य

## वर्ष : 2022—23

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | सामान्य (सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) | एस.सी.एस.पी. (अनुसूचित जाति) | टी.एस.पी. (अनुसूचित जनजाति) | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेरठ | 22 | 8 | 0 | 30 |
| 2 | गाजियाबाद | 16 | 6 | 0 | 22 |
| 3 | बुलन्दशहर | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 4 | गौतमबुद्धनगर | 14 | 5 | 0 | 19 |
| 5 | बगपत | 16 | 6 | 0 | 22 |
| 6 | हापुड़ | 10 | 4 | 0 | 14 |
| 7 | मुजफ्फरनगर | 88 | 22 | 0 | 110 |
| 8 | सहारनपुर | 24 | 9 | 0 | 33 |
| 9 | शामली | 14 | 5 | 0 | 19 |
| 10 | आगरा | 25 | 9 | 2 | 36 |
| 11 | मथुरा | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 12 | फिरोजाबाद | 22 | 8 | 0 | 30 |
| 13 | मैनपुरी | 24 | 9 | 0 | 33 |
| 14 | अलीगढ़ | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 15 | एटा | 24 | 8 | 0 | 32 |
| 16 | कासगंज | 18 | 7 | 0 | 25 |
| 17 | हाथरस | 18 | 7 | 0 | 25 |
| 18 | मुरादाबाद | 17 | 6 | 0 | 23 |
| 19 | रामपुर | 14 | 5 | 0 | 19 |
| 20 | बिजनौर | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 21 | अमरोहा | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 22 | संभल | 21 | 7 | 0 | 28 |
| 23 | बरेली | 26 | 9 | 0 | 35 |
| 24 | बदायूं | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 25 | शाहजहांपुर | 25 | 9 | 0 | 34 |
| 26 | पीलीभीत | 25 | 4 | 0 | 29 |
| 27 | कानपुर नगर | 22 | 8 | 0 | 30 |
| 28 | कानपुर देहात | 26 | 9 | 0 | 35 |
| 29 | इटावा | 18 | 6 | 0 | 24 |
| 30 | फर्रुखाबाद | 20 | 7 | 0 | 27 |
| 31 | औरैया | 16 | 6 | 0 | 22 |
| 32 | कन्नौज | 24 | 9 | 0 | 33 |
| 33 | प्रयागराज | 26 | 10 | 2 | 38 |
| 34 | फतेहपुर | 18 | 6 | 0 | 24 |
| 35 | प्रतापगढ़ | 18 | 7 | 0 | 25 |
| 36 | कौशाम्बी | 10 | 4 | 0 | 14 |
| 37 | गोरखपुर | 10 | 4 | 3 | 17 |
| 38 | महराजगंज | 6 | 3 | 3 | 12 |



Scanned with CamScanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 39 | देवरिया | 12 | 5 | 9 | 26 |
| 40 | कुशीनगर | 6 | 3 | 6 | 15 |
| 41 | बस्ती | 6 | 3 | 0 | 9 |
| 42 | संतकबीरनगर | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 43 | सिद्धार्थनगर | 12 | 4 | 2 | 18 |
| 44 | बलरामपुर | 10 | 4 | 4 | 18 |
| 45 | गोण्डा | 14 | 5 | 0 | 19 |
| 46 | श्रावस्ती | 10 | 4 | 2 | 16 |
| 47 | बहराइच | 12 | 5 | 2 | 19 |
| 48 | अयोध्या | 10 | 4 | 0 | 14 |
| 49 | अमेठी | 10 | 4 | 0 | 14 |
| 50 | अम्बेडकरनगर | 12 | 5 | 0 | 17 |
| 51 | बाराबंकी | 24 | 9 | 0 | 33 |
| 52 | सुल्तानपुर | 12 | 5 | 0 | 17 |
| 53 | लखनऊ | 16 | 6 | 2 | 24 |
| 54 | सीतापुर | 18 | 6 | 0 | 24 |
| 55 | उन्नाव | 20 | 7 | 0 | 27 |
| 56 | लखीमपुरखीरी | 19 | 7 | 6 | 32 |
| 57 | रायबरेली | 16 | 6 | 0 | 22 |
| 58 | हरदोई | 20 | 7 | 0 | 27 |
| 59 | झांसी | 20 | 7 | 0 | 27 |
| 60 | जालौन | 14 | 5 | 0 | 19 |
| 61 | ललितपुर | 24 | 9 | 6 | 39 |
| 62 | चित्रकूट | 23 | 8 | 0 | 31 |
| 63 | बाँदा | 10 | 4 | 0 | 14 |
| 64 | हमीरपुर | 16 | 6 | 0 | 22 |
| 65 | महोबा | 12 | 5 | 0 | 17 |
| 66 | वाराणसी | 29 | 11 | 4 | 44 |
| 67 | जौनपुर | 23 | 8 | 0 | 31 |
| 68 | गाजीपुर | 16 | 6 | 4 | 26 |
| 69 | चन्दौली | 22 | 8 | 4 | 34 |
| 70 | मिर्जापुर | 18 | 6 | 3 | 27 |
| 71 | भदोही | 12 | 5 | 0 | 17 |
| 72 | सोनभद्र | 20 | 7 | 21 | 48 |
| 73 | आजमगढ़ | 18 | 6 | 2 | 26 |
| 74 | मऊ | 10 | 4 | 4 | 18 |
| 75 | बलिया | 23 | 8 | 9 | 40 |
| | **योग** | **1400** | **500** | **100** | **2000** |

indianexam



Scanned with CamScanner